U-2003

U-2003

B. Com. (Part-II) Examination, 2021

ACCOUNTANCY & BUSINESS STATISTICS

PAPER - I

INCOME TAX LAW AND ACCOUNTS

Time Allowed : **Three Hours**

Maximum Marks : **100**

This question paper contains three sections as under :

Section-A खण्ड–अ ***Max. Marks - 10***

*This section contains **one compulsory** question with 10 parts. Answer of each part should not exceed 20 words. All questions carry **equal** marks.*

*इस खण्ड में **एक अनिवार्य** प्रश्न है जिसमें 10 भाग हैं। प्रत्येक भाग का उत्तर लगभग 20 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक **समान** हैं।*

Section-B खण्ड–ब ***Max. Marks - 50***

*This section contains **10** questions. Attempt 5 quetsions in all, selecting **one** question from each unit. Answer of each question should not exceed 250 words. All questions carry **equal** marks.*

*इस खण्ड में 10 प्रश्न है। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न का चयन करते हुये कुल 05 प्रश्नों के उत्तर दीजिये । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो । सभी प्रश्नों के अंक **समान** हैं।*

Section-C खण्ड–स ***Max. Marks - 40***

*This section contains **04** questions (questions may have sub-divisions). This section will cover all units but not more than one question from each unit. Attempt 2 questions in all. Answer of each question should not exceed 500 words. All questions carry **equal** marks.*

*इस खण्ड में 04 प्रश्न हैं, प्रश्न के भाग हो सकते है। इस खण्ड में एक इकाई से अधिकतम एक प्रश्न होगा। कुल दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक **समान** हैं।*

https://www.uokonline.com

SECTION - A
खण्ड – अ

1 (i) Explain the period of previous year for newly set up business.
नव स्थापित व्यापार की गत वर्ष की अवधि को समझाइयें ।

(ii) When is a firm treated as non-resident ?
फर्म अनिवासी कब होती है ?

(iii) What do you mean by perquisite ?
अनुलाभ से आप क्या समझते हैं ?

(iv) How much statutory deduction under section 24 is deductible ?
धारा 24 के अन्तर्गत वैधानिक कटौती कितनी उपलब्ध होती है ?

(v) What is the normal rate of depreciation on intangible assets ? Write the names of any two intangible assets.
अमूर्त सम्पत्तियों पर सामान्य ह्रास दर क्या है ? किन्हीं दो अमूर्त सम्पत्तियों के नाम लिखिये ?

(vi) How is the indexed cost of acquisition of a capital assets calculated ?
पूँजी सम्पत्ति की प्राप्ति की सूचकांकित लागत की गणना कैसे की जाती है ?

(vii) Which part of receipts from unrecognized provident fund will be taxable in income from other sources ?
अप्रमाणित भविष्य निधि से प्राप्त राशि में से कौनसा भाग अन्य साधनों से आय शीर्षक में कर योग्य होगा ?

(viii) Explain the deduction to be allowed u/s 10(32) when the income of a minor child is included in the total income of his parents.
एक अवयस्क बच्चे की आय को उसके अभिभावक की कुल आय में सम्मिलित करने पर धारा 10(32) के हतहत दी जाने वाली कटौती को समझाइए ।

(ix) Compute tax liability of an individual assessee if his total income is Rs. 2,45,000 which includes casual income of Rs. 50,000.
यदि एक व्यष्टि करदाता की कुल आय 50,000 रु. की आकस्मिक आय को शामिल करते हुये, 2,45,000 रु. हो तो कर दायित्व ज्ञात कीजिए।

(x) On what dates the instalments of advance tax become due ?
किस-किस तिथि को अग्रिम कर की किस्तें देय होती है ?

SECTION - B
खण्ड – ब

UNIT - I
इकाई – I

2 How is residence of assessee determined for Income-tax purpose ? What are the different categories in which an individual assessee can be divided with regard to residence ?
आयकर के उद्देश्य के लिए करदाताओं का निवास स्थान किस प्रकार निर्धारित किया जाता है ? व्यष्टि करदाता को निवास स्थान के आधार पर कितनी श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है ?

OR / अथवा

Dr. M.L. Gupta is a principal in a private college at Bhopal (Population in 2001 was 30 lakhs). He is in the pay scale of Rs. 37,000 – 1500 – 67,000 since 1st January 2013. Compute the taxable salary for the assessment year 2019-20 on the basis of the following details :

(1) He contributed 14% of his salary towards recognized provident fund employer's contribution is the same as contribution by Dr. M.L. Gupta.

(2) Dearness allowance under terms of employment is Rs. 10,000 p.m.

(3) Education allowance for three children is Rs. 500 p.m. per child

(4) City compensatory allowance Rs. 1,500 p.m.

(5) Servant, sweeper and watchman at a salary of Rs. 250 p.m. each, these servants have been appointed by him self but are paid by college.

(6) He received Rs. 54,500 in December, 2018 for surrendering his one month's earned leave.

(7) Rs. 12,000 has reimbursed by his employer of his medical expenses. Treatment was taken in a private hospital.

(8) His professional tax Rs. 1,000 paid by the employer.

(9) He has been provided a rent free house by the college of which fair rent is Rs. 9,000 p.m. He has also been provided the furniture facility of Rs. 80,000 W.D.V. Rs. 55,000 by the exmployer.

(10) He has been provided with the facility of car (with driver) of 2.0 litre (c.c) which is used by him for both official and private purpose. Car was sold by the employer on 1st February 2019. All expenses related to the car are borne by the college.

(11) His salary is due on 1st day of the next month.

डॉ. एम.एल. गुप्ता भोपाल (2001 जनसंख्या 30 लाख) के एक निजी कालेज में प्राचार्य के पद पर कार्य करते हैं । जनवरी, 2012 से उनका वेतनमान 37,000 – 1500 – 67,000 रु. है । निर्धारण वर्ष 2019-20 की कर योग्य वेतन की गणना निम्न सुचनाओं से कीजिए –

(1) प्रमाणित भविष्य निधि में डॉ. एम.एल. गुप्ता का अंशदान वेतन का 14% था। नियोक्ता ने भी कर्मचारी के अंशदान के बराबर राशि का प्रमाणित भविष्य निधि में अंशदान किया ।

(2) मँहगाई भत्ता 10,000 रु. प्रति माह जो सेवा शर्तो के अनुसार हैं ।

(3) 3 बच्चों के लिए शिक्षा भत्ता 500 रु. प्रति माह प्रति बच्चा ।

(4) नगर क्षतिपूरक भत्ता 1,500 रु. प्रति माह ।

(5) उन्होंने एक नौकर, फर्राश और चौकीदार की नियुक्ती की जिनका मासिक वेतन 250 रु. प्रत्येक का नियोक्ता द्वारा भुगतान किया गया ।

(6) दिसम्बर, 2018 में उनको एक माह के उपार्जित अवकाश के बदले 54,500 रु. प्राप्त हुए ।

(7) नियोक्ता द्वारा उनके 12,000 रु. के चिकित्सा व्ययों का पुनर्भरण किया । उपचार निजी अस्पताल में लिया गया था ।

(8) उनके पेशे के 'कर' की राशि 1,000 रु. का भुगतान भी नियोक्ता ने किया ।

(9) उन्हें कालेज द्वारा एक मकान किराये मुक्त की सुविधा दी गई जिसका उचित किराया 9,000 रु. प्रतिमाह है । उन्हें 80,000 रु. की लागत (अपलिखित मूल्य 55,000 रु.) का फर्नीचर भी नियोक्ता द्वारा दिया गया ।

(10) उन्हें 2.0 लीटर (C.C.) की एक मोटरकार चालक सहित की सुविधा दी गई । जिसका उपयोग वे कार्यालय व निजी कार्यो के लिए करते हैं । 1 फरवरी, 2019 को नियोक्ता ने कार बेच दी तथा कार के समस्त व्यय नियोक्ता वहन करता है ।

(11) इनका वेतन अगले महीने की पहली तारीख को देय होता है ।

UNIT - II
इकाई – II

3 What is meant by annual value of house property ? How is it determined under different circumstances ?

मकान सम्पत्ति के वार्षिक मूल्य से क्या तात्पर्य है ? इसका निर्धारण विभिन्न दशाओं में कैसे किया जाता है ?

OR / अथवा

Dr. Shyam is registered medical practitioner, he has prepared the following income and expenditure account for the year ended 31st March, 2019.

डॉ. श्याम एक पंजीकृत चिकित्सक है । उन्होंने 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुये वर्ष के लिए निम्न आय–व्यय खाता तैयार किया है ।

https://www.uokonline.com

Expenditure	Amt. (Rs.)	Income	Amt. (Rs.)
Household Expenses	20,000	Consultation Fee	10,000
Car purchased on (1.4.2018)	30,000	Visiting Fees	20,000
Travelling expenses (personal)	4,000	Gain from horse race (gross)	10,000
Donation	1,000	Sale of an ancestral house	34,000
Income tax penalty	3,000	Profit on sale of securities	6,000
Salaries	8,000	Dividend on shares	5,000
Gift to Daughter	7,000	Interest on Saving Bank A/c. of Post Office	600
Establishment expenses	1,000	Gift from father-in-law	2,000
Surgical equipments (purchased on 1-4-2018)	4,000	Interest on Fixed Deposit	1,300
Books (purchased on 1-4-2018)	1,200	Bad debts recovered (not allowed in earlier years)	2,000
Life Insurance Premium	2,000		
Interest on Capital	1,000		
Surplus	8,700		
	90,900		**90,900**

Rate of depreciation on Car and Surgical equipments is 15%. Compute his income from profession for the assessment year 2019-20.

मोटर कार तथा शल्यकर्म यंत्रो पर स्वीकृत ह्रास की दर 15% है । कर निर्धारण वर्ष 2019-20 के लिए उसकी पेशे से आय को गणना कीजिये ।

UNIT - III

इकाई – III

4 What do you mean by capital gains ? Explain the capital gains which are exempted from income tax.

पूँजी लाभ से आप क्या समझते हैं ? उन पूँजी लाभों का वर्णन कीजिए जो आयकर से मुक्त है ?

OR / अथवा

During the Financial Year 2018-19 Mr. Akshay received the following amount as interest :

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान श्री अक्षय को ब्याज के रूप में निम्नालिखित राशियाँ प्राप्त हुई :

(1) Rs. 6,300 on Rajasthan Government loan 2020

(2) Rs. 4,500 on debentures of Municipality

(3) Rs. 12,600 on tax-free debentures of a corporation.

(4) Rs. 8,100 on Tax-free debentures of Century Mill Ltd.

(5) Rs. 900 on Debentures of an onlisted company.

Compute taxable income from other sources of Mr. Akshay for the assessment year 2019-20.

श्री अक्षय के कर–निर्धारण वर्ष 2019-20 की अन्य साधनों से आय शीर्षक की कर–योग्य आय ज्ञात कीजिए ।

UNIT - IV

इकाई – IV

5 Discuss the salient features of assessment of HUF under the Indian Income Tax Act, 1961.

भारतीय आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत हिन्दू अविभाजित परिवार के कर–निर्धारण के प्रमुख तत्वों की विवेचना कीजिए ।

OR / अथवा

Mr. Gaurav resides in a rented house in Ajmer, the rent of which is Rs. 2,000 per month. His incomes for the previous year were as under :

		Rs.
(i)	Salary received	1,65,000
(ii)	Taxable income from profession	85,000
(iii)	Interest on company's Debentures (Gross)	10,000
(iv)	Interest on Saving Bank a/c in SBI	2,000
(v)	Long-term capital gain	20,000

During the previous year he paid a donation of Rs. 4,000 to Indira Gandhi memorial fund and purchased National Saving Certificates (VIII issue) for Rs. 15,000 and Rs. 20,000 were spent on medical treatment for his handicapped dependent son. Ascertain the total income of Mr. Gaurav for the assessment year 2019-20.

श्री गौरव अजमेर में एक किराये के मकान में रहते हैं जिसका किराया 2,000 रु. प्रति माह है । गत वर्ष में उनकी आय निम्न प्रकार थी :

		रु.
(i)	प्राप्त वेतन	1,65,000
(ii)	पेशे से कर योग्य आय	85,000
(iii)	कम्पनी के ऋणपत्रों पर ब्याज (सकल)	10,000
(iv)	भारतीय स्टेट बैंक में बचत खाते में जमा पर ब्याज	2,000
(v)	दीर्घकालीन पूँजी लाभ	20,000

गत वर्ष में उन्होने 4,000 रु. इन्दिरा गाँधी स्मारक निधि को चन्दे का भुगतान किया तथा 15,000 रु. के राष्ट्रीय बचत पत्र (अष्टम निर्गमन) खरीदे । विकलांग आश्रित पुत्र की चिकित्सा पर 20,000 रु. व्यय किये । कर–निर्धारण वर्ष 2019-20 के लिए श्री गौरव की कुल आय ज्ञात कीजिए ।

UNIT - V
इकाई – V

6 What is meant by "Best Judgement Assessment" ? Under what circumstances can recourse be had to this method of assessment?

"सर्वोत्तम निर्णय कर–निर्धारण" से क्या तात्पर्य है ? कर–निर्धारण की इस पद्धति को किन परिस्थितियों में अपनाया जा सकता है ?

OR / अथवा

Mr. Ravi Kumar is an employee of a company. He would receive the following during the Financial Year 2019-20.

	Rs.
Salary	35,000 p.m
Dearness allowance	8,000 p.m.
Transport allowance	4,000 p.m.
Bonus	10,000 p.m.

His contribution to recognized provident fund is Rs. 40,000 p.a. He has paid Life Insurance Premium of Rs. 10,400 on his own life. Donation to Prime Minister's National Relief Fund Rs. 4,000. Compute his income from salary liable to deduction of tax at source and the amount of tax to be deducted at source.

श्री रवि कुमार एक कम्पनी में कर्मचारी है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में वह निम्नलिखित आय प्राप्त करेगा ।

	रु.
वेतन	35,000 प्रति माह
महँगाई भत्ता	8,000 प्रति माह
परिवहन भत्ता	4,000 प्रति माह
बोनस	10,000 प्रति माह

प्रमाणित भविष्य निधि में उसका अंशदान 40,000 रु. वार्षिक है । उसने अपने जीवन पर 10,400 रु जीवन बीमा चुकाया । प्रधान मंत्री राष्ट्रीय सहायता कोष को 4,000 रु. दान दिया ।
उसके वेतन से आय की गणना कीजिए जिस पर उद्गम स्थान पर कर की कटौती होनी चाहिए तथा उद्गम स्थान पर कर कटौती की राशि भी ज्ञात कीजिए ।

SECTION - C
खण्ड – स

7 Discuss the provisions of the Income Tax Act regarding the set-off and carry forward of losses.

हानियों की पूर्ति एवं आगे ले जाने के सम्बन्ध में आयकर अधिनियम के प्रावधानों का विवेचन कीजिए ।

8 Mr. Manish purchased 1000 shares of Nirma Ltd. @ Rs. 90 per share in August 2007. During the year 2011-12 he received 500 bonus shares from the company. He was allotted 1000 right shares on 28-10-2013 @ Rs. 120 per share. All the 2500 shares were sold by him on 20-6-2018 at Rs. 900 per share. He paid commission equal to 2% of the sale price. He acquired a plot of land on 15-7-2018 for Rs. 2,00,000 and spent Rs. 10,00,000 on the construction of the house on this land by 31-3-2019.

He deposited Rs. 2,00,000 on 25-7-2019 in the capital gain account scheme. He further deposited a sum of Rs. 1,00,000 on 20-11-2019 in the Capital Gain Account scheme. He already owned one residential house on 20-06-2018. The cost inflation index for the year 2007-08, 2011-12 and 2013-14 are 129, 184 and 220 respectively Compute the amount of capital gain taxable for the assessment year 2019-20. Assume that the shares have been sold in a recognized stock exchange on which securities transaction tax was paid, and the fair market value of shares as on 31-1-2018 was Rs. 750 per share.

श्री मनीष ने अगस्त, 2007 में निरमा लिमिटेड के 1000 अंश 90 रु. प्रति अंश की दर से खरीदे । 2011-12 में उसे कम्पनी से 500 बोनस अंश प्राप्त हुये। उसे 28-10-2013 को 1000 अधिकार अंश 120 रु. प्रति अंश की दर से आबंटित किये गये । सभी 2500 अंश

उसके द्वारा 20-6-2018 को 900 रु. प्रति अंश की दर से बेच दिये गये । उन्होंने विक्रय मूल्य पर 2% की दर से दलाली चुकाई । उसने 15-7-2018 को 2,00,000 रु. में एक भू–खण्ड खरीदा तथा इस भू–खण्ड पर मकान के निर्माण में 31-3-2019 तक 10,00,000 रु. व्यय किये । उसने 25-7-2019 को 2,00,000 रु. पूँजी लाभ योजना में जमा कराये । उसने 20-11-2019 को भी पूँजी लाभ खाता योजना में 1,00,000 रु. जमा कराये । 20-6-2018 को उसके स्वामित्व में पहले से एक आवासीय मकान था । वर्ष 2007-2008, 2011-12 एवं 2013-14 के लागत वृद्धि सूचकांक क्रमशः 129, 184 एवं 220 हैं । कर निर्धारण वर्ष 2019-20 के लिये कर–योग्य पूँजी लाभ की गणना कीजिये । यह मानिये कि अंशों का विक्रय प्रमाणित स्कन्ध विनिमय में किया गया है, जिन पर प्रतिभूति व्यवहार कर का भुगतान किया गया है और 31-1-2018 को अंशों का बाजार मूल्य 750 रु. प्रति अंश था ।

9 From the following particulars compute the total income and the net tax payable or refundable by Mr. Ashok for the assessment year 2019-20.

		Rs.
(i)	Income from Let out House property	(–) 25,000
(ii)	Income from Business and Profession	10,76,000
(iii)	Long term capital gain (Computed)	1,47,000
(iv)	Dividend from Cooperative Societies	19,000
(v)	Winning from M.P. State Lottery	30,000
(vi)	Donation to Charitable Institutions	10,000
(vii)	Paid premium of insurance of his health by cheque	27,000

(viii) Donation to National Defence Fund 4,500

(ix) Deposited in Public Provident Fund 35,000

(x) Purchased National Saving Certificate (VIIIth issue) 70,000

(xi) Received interest from on Listed debentures of a company 9,000

(xii) Contribution to notified long-term infrastructure Bonds of Power Finance Corporation 15,000

(xiii) Interest from Savings Bank Account 7,000

निम्नलिखित विवरण से श्री अशोक की कर निर्धारण वर्ष 2019-20 के लिए कुल आय एवं शुद्ध देय कर अथवा वापसी की गणना कीजिए –

रु.

(i) किराये पर उठाई गई मकान सम्पत्ति से आय..... (–) 25,000

(ii) व्यापार अथवा पेशे की आय..... 10,76,000

(iii) दीर्घकालीन पूँजी लाभ (गणना किया हुआ) 1,47,000

(iv) सहकारी समितियों से लाभांश 19,000

(v) मध्य प्रदेश सरकार की लाटरी का इनाम जीता 30,000

(vi) पुण्यार्थ संस्थाओं को दान 10,000

(vii) अपने स्वयं के स्वास्थ्य के बीमे का प्रीमियम चैक से चुकाया 27,000

(viii) राष्ट्रीय सुरक्षा कोष में दान..... 4,500

(ix) सार्वजनिक भविष्य निधि में जमा कराये 35,000

(x) राष्ट्रीय बचत पत्र अष्ठम निर्गमन खरीदे..... 70,000

(xi) असूचियत कम्पी के ऋणपत्रों पर ब्याज ... 9,000

(xii) अधिसूचित ढाँचागत पावर फायनेंस कॉर्पोरेशन के दीर्घकालीन बॉण्डस में अंशदान 15,000

(xiii) बैंक बचत खाते से ब्याज 7,000

10 A, B and C are partners in a firm, sharing profits and losses in the proportion of 2:2:1 respectively. The profit and loss account for the year ending 31st March, 2019 under.

A, B तथा C एक फर्म में साझेदार हैं, जो लाभ हानि क्रमशः 2:2:1 के अनुपात में बाँटते हैं । 31 मार्च, 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ हानि खाता निम्न है:

Particulars	Amt. (Rs.)	Particulars	Amt. (Rs.)
Sundry Trade Expenses	1,00,000	Gross Profit b/d	2,90,000
Interest on capital at 20%		Rent from House property	30,000
A Rs. 16,000		Interest on securities	10,000
B Rs. 14,000			
C Rs. 12,000	42,000		
Rent to B	30,000		
Salary to B	72,000		
Commission to C	36,000		
Net Profit	50,000		
	3,30,000		**3,30,000**

Compute the total income of firm and taxable income as partner of three partners In the firm B and C are working partners.

फर्म की कुल आय की गणना कीजिये तथा फर्म के तीनों साझेदारों की साझेदार के रूप में कर–योग्य आय की गणना कीजिये । B तथा C सक्रिय साझेदार हैं ।

https://www.uokonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से